अनुक्रमांक................................ मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 6

नाम..

102 **321(HT)**

2025

इतिहास

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [पूर्णांक: 100

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) इस प्रश्न पत्र में पाच खंड हैं, खंड 'क' में 10 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। खंड 'ख' में 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, खंड 'ग' में 6 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, खंड 'घ' में 3 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, तथा खंड 'ड' ऐतिहासिक तिथियों व 5 मानचित्र से सम्बन्धी प्रश्न हैं।

(iv) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. हड़प्पा संस्कृति के किस स्थल से मनका बनाने का प्रमाण प्राप्त हुआ है? 1

   (क) धौलावीरा (ख) रोपड़

   (ग) चन्दुदड़ो (घ) कालीबंगा

2. प्रथम स्वर्ण मुद्राएँ जारी की गई थीं- 1

   (क) मौर्यों द्वारा (ख) सातवाहनों द्वारा

   (ग) कुषाणों द्वारा (घ) गुप्तों द्वारा

3. अशोक के सारनाथ स्तम्भ में कितने शेर बनाए गए थे? 1

modelpaper.info

(क) दो (ख) तीन (ग) चार (घ) पाँच

4. रामायण के रचयिता हैं- 1

(क) वेदव्यास (ख) कौटिल्य

(ग) तुलसीदास (घ) वाल्मीकि

5. निम्नलिखित में से कौन-सा एक महावीर का मूल नाम था? 1

(क) वर्धमान (ख) गौतम

(ग) सिद्धार्थ (घ) तथागत

6. रिहला' किसकी रचना है? 1

(क) वर्नियर (ख) टैवर्नियर

(ग) इब्नबतूता (घ) अलबरूनी

7. हुनूज दिल्ली दूर अस्त" किसने कहा? 1

(क) सीदी मौला (ख) निजामुद्दीन औलिया

(ग) फरीदुद्दीन (घ) बलबन

8. हम्पी को यूनेस्को द्वारा विश्व पुरातत्व स्थल घोषित किया गया था- 1

(क) 1876 में (ख) 1902 में

(ग) 1947 में (घ) 1986 में

9. 'आलमगीरनामा' लिखा था- 1

(क) अबुल फजल ने (ख) लाहौरी ने

(ग) मुहम्मद वारिस ने (घ) मुहम्मद काजिम ने

10. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त (स्थायी बंदोबस्त) का प्रारम्भ किसने किया? 1

modelpaper.info

(क) चार्ल्स कॉर्नवालिस (ख) लॉर्ड वेलेजली

(ग) लॉर्ड मिण्टो (घ) लॉर्ड हेस्टिंग्स

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

11. हड़प्पा में अमेरिकन दल ने कब उत्खनन प्रारम्भ किया? 2

12. अशोक कौन था? 2

13. 'अष्टाध्यायी' का लेखक कौन था? 2

14. 'धर्म चक्र प्रवर्तन' से क्या आशय है? 2

15. मणिक्वचक्कार किसके अनुयायी थे? 2

लघु उत्तरीय प्रश्न

16. हड़प्पा सभ्यता के पतन के बारे में समझाइए। 5

17. महाजनपदों का उल्लेख कीजिए। 5

18. गौतम बुद्ध के जीवन से सम्बन्धित किन्ही दो स्थलो का प्रासगिकता पर प्रकाश डालिए। 5

19. किताब-उल-हिन्द पर एक लेख लिखिए। 5

20. मीराबाई पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5

21. चौरी-चौरा काण्ड कब और कहाँ हुआ ? 5

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

22. मौर्य साम्राज्य के पतन के कारणों का उल्लेख कीजिए? 10

अथवा प्रारंभिक परिवार व्यवस्था किस प्रकार की थी?

23. सूफीवाद से आप क्या समझते है? 10

modelpaper.info

अथवा पंचायत और गाँव का मुखिया किस तरह से ग्रामीण का नियमन करते थे? विवेचना कीजिए।

24. सहायक संधि प्रणाली पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा असहयोग आन्दोलन का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

25. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए-

(i) 1925	1	(ii) लगभग 323 ई०पू०	1
(iii) लगभग 321 (322) ई०पू०	1	(iv) लगभग 319-320 ई०	1
(v) लगभग 606-647 ई०	1	(vi) लगभग 599 ई० पू०	1
(vii)लगभग 563 ई०पू०	1	(viii) 1526	1
(ix) 1784	1	(x) 1684	1

26. दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को ● चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए। सही नाम तथा सही स्थान दर्शाने के लिए 1+1 अंक निर्धारित है।

(i) वह स्थान जहाँ महावीर स्वामी का जन्म हुआ- 1+1

(ii) वह स्थान जहाँ बुद्ध ने निर्वाण प्राप्त किया था- 1+1

(iii) वह स्थान जहाँ गंगा, यमुना तथा सरस्वती का संगम है- 1+1

(iv) वह स्थान जहाँ स्वामी विवेकानन्द का जन्म हुआ- 1+1

(v) वह स्थान जहाँ पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का द्वितीय अधिवेशन हुआ था- 1+1

modelpaper.info